## न्यूज डायरी




### कोरोना के खिलाफ टेक्नोलॉजी बनी मददगार, भारत ने संयुक्त राष्ट्र में बताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक ऑनलाइन उच्च स्तरीय चर्चा में कहा कि उसे कोरोना वायरस जैसी महामारी के खिलाफ टेक्नोलॉजी के प्रयोग से फायदा मिला है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि नागराज नायडू ने कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के संपर्क में आये लोगों का पता लगाने संबंधी एक मोबाइल एप्लिकेशन आरोग्य सेतु और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टेस्ट किट शीघ्र विकसित करने से इस महामारी से निपटने में देश के प्रयासों को मजबूती मिली।
संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि नागराज नायडू ने सतत विकास लक्ष्यों पर तीव्र तकनीकी परिवर्तन के प्रभाव विषय पर एक ऑनलाइन उच्च स्तरीय चर्चा में कहा कि कोविड–19 महामारी के दौरान ड्रोन और ट्रेसिंग ऐप जैसी नई तकनीक पहले की तुलना में अधिक स्वीकार्य हो गई है। नायडू ने कहा कि बहरहाल, हमें अभी भी साइबर सुरक्षा, डाटा गोपनीयता और गलत सूचना के प्रसार से संबंधित मुद्दों से निपटना है।

### संयुक्त राष्ट्र ने हमलों में इस्तमाल हथियारों का संबंध ईरान से जोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उसे यकीन है कि अमेरिका ने हथियारों की जो दो खेप जब्त की हैं उनमें कई सामान का स्रोत ईरान है साथ ही सऊदी अरब के तेल प्रतिष्ठान पर हुए हमले तथा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले के पीछे भी ईरान का ही हाथ है। एक नयी रिपोर्ट में यह बात कही गई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि अमेरिका ने नवंबर 2019 और फरवरी 2020 में जिन वस्तुओं को जब्त किया ,उनमें से कुछ उन वस्तुओं से ''मिलती जुलती अथवा समान'' हैं जो सऊदी अरब पर 2019 में मिसाइल हमले और ड्रोन हमले के बाद वहां से मिली थीं। गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी गयी एक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिका ने यमन के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र से जो चीजें बरामद की हैं वे न केवल ईरान की हैं बल्कि हो सकता है कि उन्हें 2015 के ईरान परमाणु समझौते के तहत परिषद के संकल्पों के असंगत तरीके से भेजा गया हो। महासचिव ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के मकसद से लाए गए 2015 के प्रस्ताव के क्रियान्वयन का जिक्र कर रहे थे।

### लॉकडाउन में तीन गुना बढ़े रेप के मामले, आपातकाल लागू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लागोस। नाइजीरिया में कोरोना वायरस लॉकडाउन में महिलाओं के रेप की घटनाएं तीन गुना बढ़ गई हैं। इसके अलावा देश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। इसी कारण देश में 36 राज्यों के राज्यपालों ने आपातकाल की घोषणा की गई है। बता दें कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा बढ़ने के कारण देश में महिला अधिकार कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों ने सोशल मीडिया पर रुँम।तमज्पतमक नाम से देशव्यापी अभियान चलाया। इसके अलावा सड़कों पर भी लोगों ने प्रदर्शन किए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्यपालों ने आपातकाल की घोषणा की। महिला मामलों की मंत्री पॉलीन टैलेन ने कहा कि मुझे पता है कि इस देश में हमारे साथ हमेशा गलक काम हुआ है।

### वैज्ञानिक का दावा, माया कैलेंडर था गलत, 21 जून को खत्म हो जाएगी दुनिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमेरिका। दक्षिण अमेरिकी देशों में इस्ध्तेमाल किए जाने वाले माया सभ्ध्यता के कैलेंडर को लेकर पिछले कई साल से दुनियाभर चल रहे दावों में अब एक और जुड़ गया है। षडयंत्र की बात करने वाले लोगों ने दावा किया है कि कोरोना वायरस महासंकट के बीच 21 जून को यह दुनिया खत्ध्म हो जाएगी। उन्ध्होंने कहा कि कोरोना महासंकट के बावजूद अभी सबसे खराब समय आना बाकी है। इस ताजा दावे के बाद कई लोग डरे हुए हैं और इंटरनेट पर अफवाहों का बाजार गरम हो गया है। दुनिया के खात्मे का यह दावा इस बात पर आधारित है कि ग्रेगोरिअन कैलेंडर को वर्ष 1582 में लागू किया गया था। उस समय साल से 11 दिन कम हो गए थे।

# चीन में फिर कोरोना ऐक्टिव पेइचिंग में कई बाजार बंद

**संकट**

## चीन के अन्य हिस्सों में संक्रमण के 12 नए मामले सामने आए हैं

■पेइचिंग में कोरोना के छह नए स्थानीय मामले सामने आए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। कोरोना वायरस के गढ़ रह चुके चीन में कोविड–19 फिर से सक्रिय हो गया है। राजधानी पेइचिंग में कोरोना वायरस के छह नए स्थानीय मामले सामने आने के बाद कई बाजारों को बंद कर दिया गया है। इन नए मामलों के साथ ही पेइचिंग में पिछले तीन दिन में संक्रमितों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है जबकि देश के अन्य हिस्सों में संक्रमण के 12 नए मामले सामने आए हैं।

चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने शनिवार को बताया कि देश में शुक्रवार को कोरोना वायरस के कुल 18 नए मामलों की पुष्टि हुई जिसमें से पेइचिंग में स्थानीय संक्रमण के 6 मामले शामिल हैं। आयोग ने बताया कि शुक्रवार तक बिना लक्षण वाले 7 नए मरीज सामने आए जिससे पृथक–वास में रह रहे ऐसे मरीजों की कुल संख्या 98 हो गई है।



पेइचिंग में अधिकारियों ने शिनफादी बाजार में आयातित सैल्मन मछली को काटने वाले बोर्ड पर कोरोना वायरस पाया।

**कोरोना वायरस के फिर से फैलने की चिंताओं को जन्मः** शिनफादी बाजार के प्रमुख झांग युक्सी ने पेइचिंग न्यूज को शुक्रवार को बताया कि इसके बाद संपर्क में आए नौ लोगों को पृथक कर दिया गया। हालांकि वे जांच में संक्रमित नहीं पाए गए हैं। बीजिंग में संक्रमण के मामले बढ़ने से अधिकारी चिंतित हो गए हैं क्योंकि शहर में करीब दो महीनों तक कोविड–19 का कोई नया मामला नहीं आया। नए मामलों ने चीन की राजधानी में कोरोना वायरस के फिर से फैलने की चिंताओं को जन्म दे दिया है।

शहर के सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव काई की ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों को विषाणु के फिर से फैलने की आशंका से निपटने के लिए 'युद्ध स्तर' पर तैयार रहने को कहा गया है। सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' के अनुसार चीन के स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि छिटपुट मामले आना सामान्य है, क्योंकि इस संक्रामक बीमारी का खात्मा नहीं हुआ है। इससे महामारी के फिर से फैलने की आशंका नहीं है क्योंकि दो करोड़ की आबादी वाले इस शहर के निवासी एहतियात बरतने को लेकर काफी जागरूक हैं।

**शिनफादी बाजार और जिंगशेन सीफूड बाजार तत्काल बंदः** शुक्रवार को सामने आए दो मरीज पेइचिंग के फेंगतई जिले में एक मांस अनुसंधान केंद्र के सहकर्मी हैं और उनका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। लियु उपनाम के एक मरीज ने पांच दिनों के लिए पूर्वी चीन के शांगडोंग प्रांत की यात्रा की थी जबकि दूसरे ने हाल फिलहाल में कोई यात्रा नहीं की। बीजिंग ने फेंगतई जिले में शिनफादी बाजार और जिंगशेन सीफूड बाजार को तत्काल बंद कर दिया जहां संक्रमित मरीज गया था। पेइचिंग में कुल मिलाकर छह थोक बाजारों ने शुक्रवार को अपना कामकाज पूरी तरह या आंशिक रूप से बंद कर दिया है। एनएचसी ने बताया कि 78,367 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दी गई है और 4,634 लोगों की इस बीमारी से मौत हो गई है।

## दिग्गज यूनिवर्सिटी की बदजुबानी, भारत समेत 5 देशों को बताया सड़े हुए सेब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कोरोना वायरस के कहर से दुनिया जूझ रही है। अब तक 428,337 लोग इस महमारी से मारे गए हैं और 77 लाख से ज्यादा लोग इससे संक्रमित हैं। दुनिया में चल रही कोरोना वायरस जंग के बीच अमेरिका की दिग्गज यूनिवर्सिटी जॉन हॉपकिन्स के प्रफेसर स्टीव हैंक ने भारत समेत 5 देशों को सड़े हुए सेब बताया है। हैंक ने भारत सरकार की भी आलोचना की है।

प्रफेसर स्टीव हैंक ने आरोप लगाया, भारत, वेनेजुएला, मिस्र, सीरिया, यमन, तुर्की और चीन ये पांच देश कोरोना वायरस डेटा के सड़े हुए सेब हैं। ये देश या तो कोरोना वायरस के आंकड़े बता नहीं बता रहे हैं

**जल्द ही भारत में इटली के जैसे हालात**

या बहुत ही ज्यादा संदिग्ध आंकड़े दे रहे हैं। उन्होंने अपने ट्वीट में यूनिवर्सिटी के आंकड़ों का एक ग्राफ शेयर किया जिसमें भारत को सड़ा हुआ सेब बताया। हैंक ने यह आरोप ऐसे समय पर लगाया है जब भारत सरकार हर दिन आंकड़े जारी कर रही है। यही नहीं भारत का स्वास्थ्य मंत्रालय भी कोरोना वायरस महामारी में लगातार ताजा हालात की जानकारी दे रहा है।

हैंक ने यह भी चेतावनी दी कि भारत बहुत कम कोरोना वायरस जांच कर रहा है और जल्द ही वहां पर इटली के जैसे हालात हो सकते हैं।



## पाकिस्तान में जुआ खेलने के आरोपी गधे को मिली जमानत, रिहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने जुआ के खेलने के आरोप में अरेस्ट किए गए गधे को जमानत दे दी है। आरोपी गधे को चार दिन तक पुलिस हिरासत में रखने के बाद अब कोर्ट के निर्देश पर बुधवार को रध्हिा कर दिया गया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहीम यार खान इलाके में गत शनिवार को पुलिस ने इस गधे को अरेस्ट किया था। पुलिस के इस कदम की जमकर जग हंसाई हुई थी। बताया जा रहा है कि इस मामले में आरोपी 8 लोगों को एक दिन बाद ही जमानत दे दी गई थी लेकिन गधे को 4 दिन बाद कोर्ट के हस्तक्षेप पर छोड़ा गया। इन लोगों ने सट्टा लगाया था कि गधा 40 सेकंड में 600 मीटर दौड़ सकता है या नहीं।

## चीनी राजनयिक के ट्वीट से विवाद, लद्दाख गतिरोध को आर्टिकल 370 के खात्मे से जोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। लद्दाख में जारी सैन्य तनाव के बीच पाकिस्तान में चीनी दूतावास के प्रवक्ता के ट्वीट से राजनयिक हल्कों में विवाद खड़ा हो गया है। चीनी दूतावास के प्रवक्ता वांग शिआनफेंग ने लद्दाख में भारत और चीनी सैनिकों के बीच जारी गतिरोध को भारत के पिछले साल जम्मू–कश्मीर से आर्टिकल 370 को खत्म करने के फैसले से जोड़ दिया। वांग ने अपने ट्वीट में चीन के खुफिया मंत्रालय से जुड़े एक विशेषज्ञ के लेख को भी शेयर किया। हालांकि विवाद पैदा होने के बाद चीनी राजनयिक ने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया।

ट्विटर पर खुद को पाकिस्तान

**लद्दाखः चीनी राजनयिक के ट्वीट से खुली पोल**

में चीनी दूतावास का प्रवक्ता बताने वाले वांग के शेयर किए गए इस लेख में सीमा पर जारी ताजा तनाव को कश्मीर के दर्जे में आए बदलाव से जोड़ा है। वांग ने लिखा, कश्मीर के यथास्थिति के दर्जे में एकतरफा बदलाव के भारत के फैसले ने चीन और पाकिस्तान की संप्रभुता के लिए एक चुनौती पैदा कर दिया है। इससे भारत–पाकिस्तान और चीन–भारत संबंध और ज्यादा जटिल हो गए हैं।

चीनी अधिकारी ने जारी ताजा तनाव को आर्टिकल 370 से जोड़ा बताया जा रहा है कि वांग पाकिस्तान में मीडिया का काम देखते हैं। हालांकि यह ट्वीट उनकी निजी राय हो सकती है लेकिन ऐसा पहली बार है कि किसी चीनी अधिकारी ने सीमा पर जारी ताजा तनाव को कश्मीर के दर्जे में आए बदलाव से जोड़ा है। इसमें खासतौर पर लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश बनाने का फैसला शामिल है जिससे चीनी ड्रैगन काफी नाराज है। लद्दाख में जारी ताजा विवाद का सुलझाने के लिए भारत और चीन के वार्ताकार लगातार बातचीत कर रहे हैं।

पिछले साल 5 अगस्त को जब भारत ने जम्मू–कश्मीर से आर्टिकल 370 को खत्ध्म किया था तब चीन ने बयान जारी करके भारत के इस फैसले की आलोचना की थी।

## पाकिस्तान में सेना मुख्यालय के पास बम विस्फोट, एक की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रावलपिंडी। पाकिस्तान में रावलपिंडी शहर के एक व्यस्त बाजार में शुक्रवार को बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 15 अन्य घायल हो गए। यह बाजार पाकिस्तानी सेना मुख्यालय के नजदीक है।पुलिस प्रवक्ता सजिदुल हसन ने बताया कि यह बम विस्फोट शहर के सदर बाजार इलाके में हुआ है। प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक विस्फोटक सामग्री को बिजली के एक पोल में लगाया गया था। वहीं, पुलिस और लॉ इन्फोर्समेंट ने घटना स्थल को सील कर दिया है।

विस्फोट स्थल के आसपास की संपत्तियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। अधिकारियों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जांच दल और फोरेंसिक साइंस लैब के कर्मचारी घटनास्थल से सुबूत इकट्ठा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विस्फोट संगठित आतंकवाद का प्रयास है, लेकिन जो लोगों की जिंदगी से खेल रहे हैं वे कानून के शिकंजे से नहीं बच सकेंगे। फिलहाल किसी ने भी विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।